एक नजर

चकबंदी के लंबित वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश



अम्बेडकरनगर। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देश पर शनिवार को अपर जिलाधिकारी न्यायिक उप संचालक चकबंदी रंजीत कुमार की अध्यक्षता में चकबंदी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मधुमिता सिंह सहित चकबंदी अधिकारी एवं सहायक चकबंदी अधिकारी मौजूद रहे।समीक्षा के दौरान बताया गया कि जनपद के कुल 31 ग्रामों में चकबंदी प्रक्रिया संचालित है। इनमें पीठापुर आलापुर में चकबंदी की प्रक्रिया पूरी कर धारा 52 का प्रकाशन कराया जा चुका है। वहीं मैनुद्दीनपुर केवारी पामानन्द और आलापुर में कब्जा परिवर्तन का कार्य पूरा हो गया है। इन गांवों के अंतिम अभिलेख तैयार किए जा रहे हैं। इसके अलावा चकबंदी प्रक्रिया के तहत प्रचलित 10 ग्रामों में धारा 9 की कार्रवाई पूरी कर पर्चा पांच का वितरण कराया जा चुका है।बैठक में संबंधित ग्रामों के लंबित वादों का शीघ्र निस्तारण कर धारा 10 के प्रकाशन की कार्रवाई पूरी करने के निर्देश दिए गए। लंबित वादों के निस्तारण की धीमी प्रगति पर अपर जिलाधिकारी ने अप्रसन्नता जताते हुए अधिक से अधिक ग्रामों में सुनवाई कर वादों का निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चकबंदी निदेशालय की ओर से निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य समय से पूरा करें।

एकेटीयू जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज का जलवा



अम्बेडकरनगर। डा.एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एकेटीयू लखनऊ की ओर से आयोजित जोनल स्पोर्ट्स फेस्ट 2026.27 में राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेजए अंबेडकरनगर के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया। 20 और 21 नवंबर को आयोजित लखनऊ जोन की इस प्रतियोगिता में कॉलेज के 94 छात्र.छात्राओं ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में प्रतिभाग किया। खिलाड़ियों ने तीन स्वर्ण पांच रजत और एक कांस्य सहित कुल नौ पदक जीतकर संस्थान का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में बालिका वर्ग की 800 मीटर दौड़ लंबी कूद और खो-खो में स्वर्ण पदक हासिल किया गया। वहीं बालिका वॉलीबॉल बालक खो.खो बालक टेबल टेनिस बालिका गोला फेंक और 100 मीटर दौड़ में रजत पदक मिला। इसके अलावा बालिका वर्ग की 200 मीटर दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त हुआ।इस उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक प्रो. धनंजय सिंह ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों और प्रतिभागियों को बधाई देते हुए प्रदर्शन की सराहना की। खेल प्रतियोगिताओं में इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। संस्थान की इस सफलता में चेयरमैन सीएसए डॉ. प्रभुदत्त द्विवेदी खेल संयोजक डॉ. शिवेन्दु मिश्रा डॉ.युधिष्ठिर पाण्डेय कुलसचिव प्रो. विशाल सिंह चंदेल वित्त अधिकारी बृजलाल सहित शिक्षककर्मचारियों का योगदान रहा।

जिले के 921 मतदेय स्थलों पर लगा विशेष शिविर

श्रावस्ती। जिले के सभी 921 मतदेय स्थलों पर रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक विशेष शिविर लगाए गए। इनमें 18 साल की उम्र पूरी कर चुके युवाओं और मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से छूटे पात्र नागरिकों के फॉर्म-6 भरवाए गए।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बीएलओ ने नए मतदाताओं के आवेदन लिए। अभियान का उद्देश्य किसी भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होने से छूटने से रोकना है। विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची का आलेख्य प्रकाशन 17 नवंबर को हो चुका है। दावे और आपत्तियां 17 नवंबर से 16 दिसंबर 2026 तक दाखिल की जा सकती हैं।विशेष अभियान दिवस आगामी 28 और 29 नवंबर को होंगे। इन दिनों सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बीएलओ अपने तय मतदेय स्थलों पर जरूरी दस्तावेजों के साथ मौजूद रहेंगे। दावे और आपत्तियों का निपटारा 28 दिसंबर तक होगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 4 जनवरी 2027 को किया जाएगा।जिला प्रशासन ने लोगों से जनगणना-2027 के तहत ऑनलाइन स्वगणना करने की भी अपील की। जनगणना देश की विकास योजनाओं, नीतियों और संसाधनों की योजना बनाने का आधार है।

जूलूस में बिछड़े बच्चे को पुलिस ने सकुशल परिजनों को सौपा

श्रावस्ती। थाना इकौना अन्तर्गत इकौना कस्बे में खाटू श्याम जुलूस के दौरान तीन साल का बच्चा परिजनों से बिछड़ गया। पुलिस ने दो घंटे में उसे संजय पार्क से खोजकर माता-पिता को सौंप दिया।काफी तलाश के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। थाना इकौना पुलिस ने लाउड हेलर और दूसरे संचार माध्यमों से बच्चे के बारे में अनाउंसमेंट कराया। टीम ने संभावित जगहों पर उसकी तलाश शुरू की।बच्चे की पहचान और पूछताछ के बाद उसे पिता पवन कुमार जायसवाल और माता बबली जायसवाल को सौंपा गया। वे बलरामपुर जिले के श्रीगंज के रहने वाले हैं।

सोमनाथ और अयोध्या की तरह जगमगाएगा मथुरा का गोपालकृष्ण धाम

गोंडा। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है कि आज सोमनाथ धाम और अयोध्या धाम जगमगा रहे हैं। भगवान की कृपा रही तो मथुरा का गोपालकृष्ण धाम भी इसी तरह जगमगाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देशभर में सनातन धर्म की धारा प्रवाहित हो रही है और भारतीय संस्कृति का गौरव निरंतर बढ़ रहा है।

वह जानकीनगर स्थित चिन्मय ग्रामोदय विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, जयप्रभाग्राम में आयोजित श्रीरामकथा में शामिल होने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने योग गुरु का अभिनंदन किया और उपस्थित संतों को प्रणाम कर उनका आशीर्वाद लिया।मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण की 64 कलाओं, 14 विद्याओं और उनके नाना प्रकार के रूपों के बारे में उन्होंने बहुत कुछ सुना है। लेकिन जब रामदेव जी महाराज को देखता हूं तो मन में विचार आता है कि वह गोपाल कैसा रहा होगा और वह काल कितना अद्भुत रहा होगा।उन्होंने अयोध्या में राममंदिर निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों की कमजोरियों के कारण भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण में अनेक व्यवधान आए। लेकिन प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सुप्रीम कोर्ट के निर्णय को लागू कराया गया। संतों के आशीर्वाद से संविधान की मर्यादा की रक्षा हुई और आज अयोध्या में भगवान श्रीराम का धाम भव्य रूप में जगमगा रहा है।

तमसा नदी के पुनर्जीवन के लिए पंपिंग सेट लगाने की मांग

गोशाईगंज -अयोध्या। पौराणिक तमसा नदी के पुनर्जीवन और वर्षभर अविरल जलधारा बनाए रखने की मांग उठी है। सभासद आरती जायसवाल ने केंद्रीय जलशक्ति मंत्री, प्रदेश के जलशक्ति मंत्री और प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन को पत्र भेजकर नदी का नहरीकरण, गहरीकरण और सफाई कराने की मांग की है। उन्होंने राम की पैड़ी की तर्ज पर पंपिंग सेट लगाकर जल प्रवाह सुनिश्चित करने तथा गंदे नालों का पानी रोकने के लिए एसटीपी स्थापित कराने का सुझाव दिया है। उनका कहना है कि इससे नदी के धार्मिक महत्व के साथ पर्यावरण और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

74 बिंदुओं पर भुगतान का नियम, जिले में आशाओं को मिल रहा महज 16 से 21 मदों का पैसा

आशा कर्मचारी यूनियन की कार्यशाला में भुगतान में अनियमितता का आरोप, दिसंबर के अंतिम सप्ताह में अपर निदेशक को सौंपेंगे ज्ञापन

गोण्डा। स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने वाली आशा और आशा संगिनियां खुद अपने बकाया भुगतान के लिए विभागीय उदासीनता से जूझ रही हैं। मिशन निदेशक के निर्देश पर कार्य के उपरांत 74 बिंदुओं पर भुगतान किया जाना चाहिए, लेकिन जिले में महज 16 से 21 बिंदुओं पर ही भुगतान हो रहा है। टीबी, फाइलेरिया, मलेरिया, कुष्ठ रोग, आभा आईडी, सी-बैग और पोलियो सहित कई मदों का भुगतान वर्षों से लंबित है। यह आरोप आशा कर्मचारी यूनियन सीटू की जिला इकाई ने लगाया है।चौधरी चरण सिंह फील्ड हॉस्टल में आयोजित आशा कर्मचारी यूनियन के प्रतिनिधियों की कार्यशाला एवं विभागीय गतिविधियों को बढ़ाने के लिए बाउचर भरने के प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष अलका श्रीवास्तव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के चलते आशाओं को उनके कार्य के अनुरूप भुगतान नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग की ओर से समाचार पत्रों के माध्यम से आशाओं को 13,150 रुपये भुगतान किए जाने का प्रचार किया जा रहा है, जबकि यह दावा वास्तविकता से परे है। कई मदों के भुगतान में लेन-देन की मांग किए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप शुक्ला ने कहा कि पूरे प्रदेश में आशाओं के बाउचर भरने और भुगतान की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं होने की आशंका है। इसका निष्पक्ष भौतिक सत्यापन कराया जाए तो कई मामले सामने आ सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने आशा और आशा संगिनियों के कार्य के अनुरूप मानदेय में वृद्धि न करके उन्हें हतोत्साहित किया है। करीब 20 हजार की आबादी में काम करने वाली आशा संगिनियों को यात्रा भत्ता तक नहीं दिया जाता। नियमानुसार 30 विजिट के सापेक्ष उन्हें केवल 24 विजिट का ही भुगतान मिल रहा है।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के जिम्मेदार अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि आशा और आशा संगिनियों का भुगतान अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए। यूनियन दिसंबर माह के अंतिम सप्ताह में अपर निदेशक, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, देवीपाटन मंडल को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग करेगी।प्रशिक्षण में स्वास्थ्य विभाग की ओर से पहुंचे बीसीपीएम रुपईडीह महेंद्र विश्वकर्मा ने आश्वासन दिया कि सभी आशा कर्मियों को नियमानुसार भुगतान दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि ई-कवच पर किया गया कार्य आशा और आशा संगिनी की गतिविधियों का महत्वपूर्ण प्रमाण है।जिला अध्यक्ष ममता तिवारी और उपाध्यक्ष साधना देवी ने संयुक्त रूप से कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर चरणबद्ध तरीके से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों को गति देने के साथ आशाओं के भुगतान में कथित अनियमितताओं पर भी रोक लगाई जा सके।कार्यशाला को संबोधित करते हुए सीटू के प्रदेश उपाध्यक्ष कौशलेन्द्र पाण्डेय ने आशा और आशा संगिनियों से एक से तीन दिसंबर तक दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित पड़ाव में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों और शोषण के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष को आगे बढ़ाना होगा।इस अवसर पर कृष्णा पाण्डेय, वंदना श्रीवास्तव, विद्यावती मौर्य, जिला महामंत्री पूजा पाण्डेय, पूर्व जिला अध्यक्ष संतोषी देवी, विमला पाल और जिला संरक्षक धर्मेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में यूनियन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

मुलायम सिंह यादव की जयंती पर जरूरतमंदों को बांटे कंबल

बीकापुर-अयोध्या। पूर्व मुख्यमंत्री एवं सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की 87वीं जयंती पर रविवार को तहसील परिसर में सपा नेत्री रोली यादव की ओर से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जरूरतमंदों, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों को कंबल व मिष्ठान वितरित किए गए। इससे पूर्व अधिवक्ता सभागार में विचार गोष्ठी हुई।

पूर्व जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि नेताजी ने गरीबों, किसानों और वंचितों के अधिकारों के लिए जीवनभर संघर्ष किया। आयोजक रोली यादव ने बताया कि उनके पिता पूर्व विधायक स्व. परशुराम यादव की ओर से करीब तीन दशक पहले शुरू की गई सामाजिक परंपरा को आगे बढ़ाया जा रहा है। इस मौके पर संजय यादव, रामकुमार यादव, संदीप यादव, विजय प्रताप यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

नि:शुल्क हृदय जांच शिविर में 85 मरीजों का हुआ परीक्षण



गोण्डा। सर्दियों में बढ़ते हृदय रोगों के खतरे के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जैनस इनीशिएटिव्स एवं भारत विकास परिषद की गोनार्द शाखा के संयुक्त तत्वावधान में हरिनारायण सावित्री देवी मिनी चैरिटेबल क्लिनिक में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने करीब 85 मरीजों की जांच कर ईसीजी, ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर परीक्षण के साथ चिकित्सकीय परामर्श दिया।डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि गलत खानपान, व्यायाम की कमी, उच्च रक्तचाप, कोलेस्ट्रॉल और तनाव हृदय रोगों के प्रमुख कारण हैं। सर्दियों में विशेष सावधानी बरतने और नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की जरूरत है। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. टीपी जायसवाल ने सीने में दर्द, सांस लेने में परेशानी और असामान्य पसीना आने पर तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेने की सलाह दी।भारत विकास परिषद के अध्यक्ष एडवोकेट अजय विक्रम सिंह एवं सचिव जसपाल सिंह सलूजा ने ऐसे आयोजनों को जनस्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया। डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने भविष्य में भी शिविर आयोजित करने की बात कही। दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय अयोध्या की ओर से नेत्र परीक्षण कर नि:शुल्क चश्मे और दवाएं भी वितरित की गईं।इस अवसर पर डॉ. राहुल वर्मा सहित चिकित्सकों एवं अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के आयोजन में अजय प्रकाश सिंह, देवेंद्र कुमार सिंह, गौरी शंकर चतुर्वेदी, उमेश त्रिपाठी, शशि मोहन, अविनाश सिंह, श्रवण चतुर्वेदी, पुनीता मिश्रा, अश्वनी श्रीवास्तव, सत्य प्रकाश, कासिम सिद्दीकी, प्रो. एसबी सिंह, राघवेंद्र द्विवेदी, मोहम्मद अली, पंकज सिन्हा एवं संतोष गुप्ता का योगदान रहा।

सेंट जेवियर्स स्कूल में वार्षिकोत्सव की धूम सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

कैसरगंज (बहराइच)। सेंट जेवियर्स स्कूल कैसरगंज में रविवार को वार्षिक समारोह 2026 बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस वर्ष समारोह की थीम शिक्षा हमें विनम्रता की ओर ले जाती है रखी गई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुतियों ने उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।समारोह का शुभारंभ विद्यार्थियों द्वारा स्वागत एवं परिचय गीत के साथ हुआ। इसके बाद पारंपरिक दीप प्रज्वलन किया गया। विद्यालय के शिक्षक आशा के प्रकाश का प्रतीक दीप जलाकर कार्यक्रम को आध्यात्मिक एवं चिंतनशील वातावरण प्रदान किया गया। फादर अल्बर्ट ने स्वागत भाषण देकर अतिथियों एवं अभिभावकों का अभिनंदन किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में कक्षा दो के विद्यार्थियों ने रंगारंग एवं मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। प्री-प्राइमरी के बच्चों ने गीत व नृत्य प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। कक्षा तीन के विद्यार्थियों ने डोल-डांडिया की जीवंत प्रस्तुति से गुजराती संस्कृति की छटा बिखेरी। कक्षा चार के बच्चों ने %कल्चरल फ्यूजन% के माध्यम से विभिन्न संस्कृतियों का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा पांच के विद्यार्थियों ने गरबा नृत्य से समारोह में रंग जमा दिया। कक्षा छह एवं सात के विद्यार्थियों ने भी नृत्य प्रस्तुतियों से अपनी रचनात्मकता और आत्मविश्वास का परिचय दिया।समारोह का विशेष आकर्षण शैक्षणिक सत्र 2025-26 का पुरस्कार वितरण समारोह रहा। इस दौरान वर्षभर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाकर विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी।उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना और सफलता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में विनम्रता, संवेदनशीलता, अनुशासन और दूसरों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना भी है। मुख्य अतिथि, अभिभावकों, शिक्षकों और कर्मचारियों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

वीरांगना झलकारी बाई का 196वां जन्मोत्सव मनाया

रुदौली-अयोध्या। मां कामाख्या धाम स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर सामाजिक परिवर्तन पार्क में रविवार को वीरांगना झलकारी बाई कोरी का 196वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वीरांगना झलकारी बाई कोरी कल्याण समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में हजारों महिलाओं और क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया। भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी और विशिष्ट अतिथि विधायक रामचंद्र यादव ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

युवाओं को आनलाइन सेवाएं लेने के लिए किया जागरूक



बहराइच। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अन्तर्गत द्वितीय विशेष अभियान तिथि के दौरान संचालित गतिविधियों का जायज़ा लेने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार व मुख्य राजस्व अधिकारी सौरभ दुबे के साथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच अन्तर्गत मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाईन-प्रथम तथा सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवरेती का निरीक्षण किया। मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाईन-प्रथम के निरीक्षण के दौरान सांसद बहराइच डॉ. आनन्द कुमार गोंड व मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार भी मौजूद थे। मतदान केन्द्र उच्च प्राथमिक विद्यालय पुलिस लाईन-प्रथम के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बूथ लेबिल अधिकारी रेणुबाला, रीता सिंह, भावेश द्विवेदी, घनश्याम व प्रवीण कुमार शुक्ला तथा मतदान केन्द्र सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज माधवरेती पर मौजूद बूथ लेबिल अधिकारी रजत कुमार सिंह व दीपिका पाठक से मतदाता सूची से संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने बीएलओ से प्राप्त फॉर्म-6, 7 व 8 की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए बूथ लेबिल अधिकारियों को निर्देशित किया कि गया वे घर-घर जाकर मतदाता सूची का सत्यापन करें। जिलाधिकारी ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 अप्रैल 2026 को प्रकाशित अन्तिम निर्वाचक नामावली एवं उसके पश्चात की समस्त पूरक सूचियों की उपलब्धता के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने बीएजओ को निर्देश दिया कि डबलिंग न होने पाये तथा बर्ल्ड फोटो अपलोड करने से बचा जाय तथा प्रयास कर अधिकाधिक नवयुवकों नवयुवतियों के प्रपत्र-6 भरवाये जायें। डीएम ने कहा कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सभी पात्र युवाओं के प्रपत्र-6 भरवाकर उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जुड़वाया जाए। साथ ही मृतक, स्थानान्तरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम फॉर्म-7 के माध्यम से सूची से हटाए जाएं तथा नाम, पता, फोटो आदि में त्रुटि होने पर फॉर्म-8 से सुधार कराया जाए। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि फॉर्म-6, 7 व 8 का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। मतदाता सूची के पुनरीक्षण जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी बीएलओ को निर्देष दिया कि बूथ पर आने वालो को मोबाइल पर क्यू.आर. कोड को स्कैन करके वोटर हेल्पलाइन ऐप, सीईओ उत्तर प्रदेश तथा वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन वेबसाइट की सेवाएं आनलाईन प्राप्त करने हेतु जागरूक भी किया जाय। डीएम ने निर्देशित किया कि पुनरीक्षण अभियान के दौरान आमजन विशेषकर 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं, विशेषरूप से कमज़ोर जनजातीय समूह, अर्ह एवं छूटे हुए दिव्यांगजन, महिलाओं, बेघर के प्रपत्र 06 भरवाये जाने पर विशेष फोकस किया जाय। मतदाता सूची में अधिक से अधिक अर्ह नागरिकों का नाम सम्मिलित कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों कर्मचारियों, कोटेदार, सभासद, बीएलए व अन्य सम्बन्धित से भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया हेल्प डेस्क के माध्यम से मतदान केन्द्र पर आने वाले नागरिकों को जागरूक किया जाय कि इच्छुक व्यक्ति वेबसाइट वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन पर जाकर प्रपत्र 06, 07 व 08 ऑनलाइन भी भर सकते हैं तथा सीईओ उत्तर प्रदेश डाट एनआईसी डाट इन पर विजिट कर योर नेम इलेक्टोरल रोल के बटन क्लिक करके मतदाता द्वारा अपने से सम्बन्धित विवरण की पुष्टि की जा सकती है। इसके अलावा वेबसाइट इलेक्टोरल सर्च डाट इन अथवा वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन पर भी अपना नाम मतदाता सूची में देखा जा सकता है तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप को डाउनलोड करके भी यह सब सेवाएं प्राप्त की जा सकती हैं। इच्छुक मतदाता क्यू.आर. कोड को स्कैन करके वोटर हेल्पलाइन ऐप, सीईओ उत्तर प्रदेश तथा वोटर्स डाट ईसीआई डाट जीओवी डाट इन वेबसाइट की सेवाएं भी प्राप्त कर सकते हैं।

एक नजर

आउटसोर्सिंग भर्ती में गोलमाल की जांच करने जिले पर पहुंची शासन की टीम

गोण्डा। स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग के जरिए हुई भर्तियों में स्वीकृत पदों से अधिक नियुक्तियां किए जाने की शिकायतों को शासन ने गंभीरता से लिया है। मामले की जांच के लिए शुक्रवार को शासन से आई टीम अचानक मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) कार्यालय पहुंची। टीम ने करीब तीन घंटे तक सीएमओ से बंद कमरे में पूछताछ की और भर्ती प्रक्रिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण अभिलेख अपने साथ ले गई। जांच टीम के सदस्यों ने जल्द ही अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपने की बात कही है।जांच टीम के अचानक सीएमओ कार्यालय पहुंचते ही स्वास्थ्य विभाग में खलबली मच गई। आनन-फानन में अधिकारी और कर्मचारी कार्यालय पहुंचे तथा जांच टीम के समक्ष भर्ती से संबंधित अभिलेख प्रस्तुत किए। टीम देर शाम तक कार्यालय में जांच-पड़ताल करती रही। रात करीब आठ बजे के बाद टीम वहां से रवाना हुई।

स्वीकृत पदों और नियुक्तियों का खंगाला ब्योराजांच के दौरान टीम ने आउटसोर्सिंग के माध्यम से की गई नियुक्तियों, स्वीकृत पदों की संख्या और भर्ती प्रक्रिया से संबंधित दस्तावेजों की गहन पड़ताल की। बताया जा रहा है कि निर्धारित स्वीकृत पदों से अधिक नियुक्तियां किए जाने की शिकायतों के आधार पर शासन ने यह जांच कराई है। टीम ने सीएमओ से भर्ती प्रक्रिया के विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली। करीब तीन घंटे तक बंद कमरे में पूछताछ चली। इस दौरान किसी बाहरी व्यक्ति को अंदर जाने की अनुमति नहीं दी गई।शासन की ओर से आई जांच टीम का नेतृत्व निदेशक स्वास्थ्य कर रहे थे। जांच पूरी करने के बाद टीम भर्ती से जुड़े कई महत्वपूर्ण अभिलेख अपने साथ ले गई। टीम की इस कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में आउटसोर्सिंग भर्ती का मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। अब जांच रिपोर्ट आने के बाद ही भर्ती प्रक्रिया में सामने आई शिकायतों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। वहीं, अपर निदेशक डॉ. अनिल कुमार चौधरी ने इस संबंध में जानकारी होने से इनकार किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें शासन की जांच टीम के आने के संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

छह साल बाद कंसापुर अभिनव विद्यालय में नौवीं की पढ़ाई शुरू, 27 विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश

गोण्डा। संसाधनों और शिक्षकों की कमी से जूझ रहे झंझरी विकासखंड के कंसापुर अभिनव विद्यालय में छह साल बाद माध्यमिक शिक्षा की राह खुली है। लंबे इंतजार के बाद पहली बार कक्षा नौ में 27 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। अब तक विद्यालय में केवल कक्षा आठ तक ही पढ़ाई हो रही थी। वर्तमान में कक्षा आठ तक 113 विद्यार्थी पंजीकृत हैं।शिक्षा सत्र 2015-16 में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के तहत अभिनव विद्यालय के रूप में इसकी स्थापना हुई थी। शुरुआत में कक्षा 12 तक पढ़ाई शुरू करने की योजना थी, लेकिन शिक्षकों की तैनाती न होने से यह व्यवस्था धरातल पर नहीं उतर सकी। वर्ष 2020 में विद्यालय की सीबीएसई मान्यता अवधि समाप्त होने के बाद यहां कक्षा आठ तक ही पढ़ाई जारी रही।शासन ने बीते मई में अभिनव विद्यालयों को पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज के रूप में संचालित करने का आदेश जारी किया था। इसके तहत कंसापुर विद्यालय को अब सीबीएसई के स्थान पर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) से संबद्ध कर दिया गया है। नई व्यवस्था से विद्यार्थियों को माध्यमिक शिक्षा के साथ आगे की पढ़ाई का अवसर मिलेगा।जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. रामचंद्र ने बताया कि विद्यालय का नाम बदलकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज कर दिया गया है। अब इसका संचालन यूपी बोर्ड के तहत हो रहा है। नई व्यवस्था से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा और विद्यालय की व्यवस्थाओं में सुधार का रास्ता खुलेगा।

किसान के मड़हे में लगी आग, गृहस्थी का सामान राख

गोंडा। धानेपुर थाना क्षेत्र के सरदार पटेल नगर स्थित सरजू पुरवा में शुक्रवार देर शाम एक दलित किसान के मड़हे में आग लग गई। आग की चपेट में आने से कपड़ों समेत गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। पीड़ित ने अज्ञात व्यक्ति पर मड़हे में आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की है।पीड़ित किसान शिवराम ने बताया कि बेलहरी गांव में उसका स्थायी आवास है, जबकि सरदार पटेल नगर के सरजू पुरवा में खेती की जमीन है। फसल और खेत की रखवाली के लिए उसने वहां मड़हा डाल रखा है। शुक्रवार को रोजाना की तरह खेती का काम निपटाने के बाद वह कुछ देर के लिए अपने घर बेलहरी चला गया था। इसी दौरान किसी ने उसके मड़हे में आग लगा दी। आग में ओढ़ने-बिछाने के कपड़ों सहित गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया। घटना से उसे काफी नुकसान हुआ है। पीड़ित ने थाने पहुंचकर घटना की शिकायत की है। थानाध्यक्ष विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

नशे में वाहन चलाते मिले 23 चालक

अम्बेडकरनगर। यातायात माह के तहत रविवार को पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 856 वाहनों का चालान किया। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक यातायात जयबहादुर यादव ने टीम के साथ अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट बिना सीट बेल्ट वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग गलत दिशा में वाहन चलाने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने और निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वालों के खिलाफकार्रवाई की गई। 11 वाहनों से 16 हजार रुपये शमन शुल्क भी जमा कराया गया।अभियान के दौरान रिकवरी वैन की मदद से सड़क किनारे खड़े चारपहिया वाहनों को हटवाया गया। साथ ही वाहन चालकों और आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट वितरित किए गए। पुलिस के अनुसार एक से 22 नवंबर तक कुल 12668 वाहनों का चालान किया जा चुका है। इनमें 2300 चालान निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने वाले वाहनों के हैं। इस अवधि में 150 वाहनों से कुल 209500 रुपये शमन शुल्क वसूला गया।वहीं नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफचलाए गए अभियान में अब तक 2380 वाहन चालकों की जांच की गई। इनमें 23 चालक नशे की हालत में वाहन चलाते मिले। इनके खिलाफचालान की कार्र